Members may cast their vote electronically during the aforesaid period. The remote e-voting module shall be disabled at 5.00 p.m. IST on Tuesday, March 24, 2026 and remote e-voting shall not be allowed beyond the same. During this period, Members of the Company holding shares either in physical form or in dematerialised form, may cast their vote by remote e-voting.

Once the vote is cast on the resolution, the Member will not be allowed to change it subsequently or cast the vote again. Members who have not registered their email ID are requested to register the same in the following manner:

a) Members holding shares in physical mode and who have not registered/updated their email ID with the Company are requested to register/update their email ID with M/s. Venture Capital and Corporate investments Pvt. Ltd., by sending duly signed request letter at investors.relations@vccipl.com with details of folio number and attaching a self-attested copy of PAN card.

b) Members holding shares in dematerialised mode are requested to register/update their email ID with the relevant Depository Participants with whom they maintain their demat account(s).

Members are requested to note the following contact details for addressing e-voting related grievances:

Venkat Ramesh Chekuri, Company Secretary & Compliance Officer
NATCO Pharma Limited, NATCO House, Road No. 2, Banjara Hills, Hyderabad-500034, Telangana State, India. Phone No.: 040-23547532 E-mail: investors@natcopharma.co.in

CS Kiran Kumar Bodla (CP No. 15876), Proprietor, M/s. BK & Associates, Practicing Company Secretaries, Hyderabad has been appointed as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot through remote e-voting process only in a fair and transparent manner. The result of voting will be announced on or before 26th March, 2026 from the closure of e-voting.

These results will also be displayed along with the Scrutinizer's Report on the notice board of the Company at its Registered Office. The results will also be uploaded on the website of the Company www.natcopharma.co.in, website of Stock Exchanges i.e., BSE Limited and the National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively.

Members are requested to carefully read all the notes set out in the Notice and in particular manner of casting vote through remote e-voting.

for NATCO Pharma Limited
Sd/- Venkat Ramesh Chekuri
Company Secretary& Compliance Officer
FCS No. 41964

Place: Hyderabad
Date: February 20, 2026

गोली चलने से युवा कारोबारी गंभीर रूप से घायल

रुद्रपुर। महानगर के पॉश इलाके सिविल लाइन स्थित एक जूतों के शोरूम में गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने से एक युवा कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली व्यापारी के सिर में लगी है। जिससे उसकी हालत बेहद चिन्ताजनक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद व्यापारी को दिल्ली के मैक्स अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली व्यापारी ने खुद चलाई या यह कोई हमला था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइन निवासी स्व. अनिल चावला के 25 वर्षीय पुत्र ध्रुव चावला का सिविल लाइन मुख्य मार्ग पर किक्स विला द शूज नाम से जूतों का शोरूम है। गुरुवार रात करीब नौ बजे ध्रुव की अपनी मां एकता चावला से फोन पर बातचीत हुई थी जिसमें उसने 10 मिनट में घर पहुंचने की बात कही थी। जब काफी देर तक ध्रुव घर नहीं पहुंचा तो चिंतित परिजनों ने रिश्तेदारों को शोरूम भेजा वहां पहुंचने पर देखा कि शोरूम का शीशे का दरवाजा अंदर से बंद था और

हालत बेहद चिन्ताजनक, दिल्ली रिफर

ध्रुव लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़ा था। उसके सिर से काफी खून बह रहा था। आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर ध्रुव को एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रिफर कर दिया। सूचना घटना की सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार, एसएसआई केसी आर्या, एसएसआई अनिल जोशी और चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल, एक खाली खोखा और चार जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि घटना के समय शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद थे। आसपास के दुकानदार भी अपनी दुकानें बंद करके जा चुके थे जिसके कारण किसी ने गोली चलने की आवाज नहीं सुनी। पास के अन्य कैमरों की फुटेज खंगालने पर ध्रुव रात 8:11 बजे दुकान के बाहर खड़ा दिखाई दे रहा है लेकिन उसके बाद क्या हुआ यह अभी रहस्य बना हुआ है। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा और विजय फुटेला सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर एकत्र हो गए और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की।

एक साल में गरीबों के कल्याण के लिए काम किया : रेखा

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक वर्ष में सभी क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने और गरीबों के कल्याण के उद्देश्य से काम किया है।

पिछले साल हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत के बाद गुप्ता और उनकी मंत्रिपरिषद ने 20 फरवरी 2025 को शपथ ली। दिल्ली सचिवालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का रिपोर्ट कार्ड भाजपा शासन के तहत पिछले एक वर्ष में किए गए कठिन परिश्रम और बदलावों का एक तथ्य पत्रक है और इसके लिए अंत्योदय के दर्शन का पालन किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली कैबिनेट बैठक में सरकार ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को लागू करने का निर्णय लिया, जिसमें सात लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है और अब तक 30,000 से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। गुप्ता ने कहा, हमने दिल्ली की कार्य संस्कृति को बदल दिया है। पिछली सरकार बहुत शोर मचाती थी। हमने दिल्ली के सभी क्षेत्रों में काम किया है। आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा का निर्णय पहली कैबिनेट बैठक में ही ले लिया गया था। अब तक लगभग 30,000 लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार शहर में गरीबों और झुग्गीवासियों के कल्याण के लिए भी प्रतिबद्ध है, और इसके लिए उन्होंने शहर में जेजे क्लस्टर के विकास के लिए, बजट में 700 करोड़ रुपये के आवंटन का हवाला दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, झुग्गी-झोपड़ी और जेजे क्लस्टर में रहने वालों के पुनर्वास के लिए 13,000 फ्लैट भी जल्द ही तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि 37 में से 28 सीवेज शोधन संयंत्रों का उन्नयन किया जा चुका है और शेष पर काम जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा, बड़े संयंत्रों से आगे बढ़कर विकेंद्रीकृत एसटीपी भी स्थापित किए जा रहे हैं और हमारा लक्ष्य सीवेज शोधन क्षमता को बढ़ाना है। सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर गाद हटाने का अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 22,000 मीट्रिक टन गाद हटाई गई ताकि ओवरफ्लो और प्रदूषण को रोका जा सके।

राशिफल शनिवार 21 फरवरी, 2026

मेष- दिन शानदार रहने वाला है। व्यापार में बड़ा लाभ होगा। पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा रहेगा।

वृष- दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अच्छा धन लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा।

मिथुन- आज दिन अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से लाभ की स्थिति है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

कर्क- दिन उत्तम रहने वाला है। भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। किसी समस्या का समाधान होगा।

सिंह- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। उपहार मिल सकता है। सामाजिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा।

कन्या- दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में धन लाभ होगा। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी।

तुला- आज नयी खुशियां मिलेंगी। नये काम की शुरुआत कर सकते हैं। व्यापार में बड़ा फायदा होगा।

वृश्चिक- दिन अनुकूल बना रहेगा। किसी जरूरी काम को पूरा करेंगे। रचनात्मक कार्यों से फायदा होगा।

धनु- दिन मिला-जुला रहेगा। कार्य में शारीरिक श्रम की अधिकता रहेगी। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

मकर- आज नए अवसर प्राप्त होंगे। भविष्य की योजनाएं बना पायेंगे। कारोबार में बदलाव कर सकते हैं।

कुंभ- दिन शानदार रहेगा। बिजनेस में नये ऑफर मिलने के योग हैं। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

मीन- दिन सकारात्मक रहेगा। कार्यों में किसी करीबी की मदद मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आयेंगी।

संस्थापक: स्व.जी.एस.भण्डारी

जी.एस.भण्डारी एण्ड को. के लिए प्रकाशक मुद्रक डा.उषा किरन भण्डारी द्वारा उत्तर उजाला प्रेस, उजाला नगर बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) से मुद्रित व भण्डारी भवन, मल्लीताल, नैनीताल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।

मुख्य सम्पादक : डा. उषा किरन भण्डारी

फोन : हल्द्वानी 05946-252975, पंजी.सं. आर.एन.32942/77

E-mail : uttarujala7@gmail.com website: www.uttarujala.com

शादी की खुशियां मातम में बदलीं एक की मौत, पांच घायल

रुड़की। रुड़की से लक्सर लौट रहे एक परिवार की शादी की खुशियां एक भीषण सड़क हादसे में मातम में बदल गईं। लंढौरा स्थित पेट्रोल डिपो के पास अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो सड़क किनारे गहरे खड्डे में पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान शैलभ वर्मा पुत्र संजय वर्मा, निवासी लक्सर के रूप में हुई है। शैलभ अपनी पत्नी, दो छोटे बच्चों और दो अन्य परिजनों के साथ रुड़की में एक शादी समारोह में शामिल होकर देर रात घर लौट रहे थे।

श्रीनगर में नव चयनित प्राथमिक शिक्षकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

गढ़वाल मंडल के अंतर्गत चयनित 100 शिक्षकों को दी जायेगी प्रथम तैनाती : धन सिंह

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में आयोजित सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित शेष प्राथमिक शिक्षकों को 21 फरवरी शनिवार को श्रीनगर में नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। गढ़वाल मंडल के अंतर्गत चयनित लगभग 100 शिक्षकों को विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत के हाथों नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे। इसके लिए विभागीय स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर दी गई है।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदेश के 11 जनपदों में बेसिक शिक्षकों के 1670 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई थी। विभागीय काउंसिलिंग के उपरांत विज्ञापित पदों के सापेक्ष 1168 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिसमें 1018 चयनित अभ्यर्थियों को गत माह देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों नियुक्ति पत्र वितरित किये गये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि उक्त भर्ती के तहत गढ़वाल मंडल के अंतर्गत नियुक्ति पत्र पाने से रह गये लगभग 100 चयनित शिक्षकों को 21 फरवरी (शनिवार) को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किये जायेंगे। जिसमें पौड़ी जनपद में 55 प्राथमिक शिक्षक, टिहरी 19, उत्तरकाशी 5 तथा देहरादून के 4 नव चयनित प्राथमिक शिक्षक शामिल है। शिक्षा मंत्री डा. रावत ने कहा कि सभी नव नियुक्त शिक्षकों को संबंधित जनपदों के पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में प्रथम तैनाती दी जाएगी, जिससे दूरदराज क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही शिक्षकों की कमी दूर होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनेगी। उन्होंने नव चयनित शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि चयनित प्राथमिक शिक्षा पूरी निष्ठा, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान देंगे साथ ही प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अपनी अहम भूमिका निभायेंगे।

राज्य सरकार फिल्म उद्योग को दे रही प्रोत्साहन

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड सरकार फिल्म उद्योग के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्राकृतिक सौंदर्य, सुरक्षित वातावरण, सरल प्रक्रियाएं और फिल्म-फ्रेंडली नीति के कारण ही उत्तराखण्ड आज देश और विदेश के फिल्म निर्माताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की संकल्पना का ही असर है कि आज राज्य में क्षेत्रीय सिनेमा को नये आयाम मिल रहे है। मुख्यमंत्री धामी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में लागू की गई फिल्म नीति-2024 प्रभावी रही है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य, विविध भौगोलिक परिस्थितियों, सांस्कृतिक विरासत और शांत वातावरण के कारण फिल्म निर्माण के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है। राज्य सरकार फिल्म उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्म नीति को प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत फिल्म निर्माताओं को सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से त्वरित अनुमति प्रदान की जा रही है। शूटिंग की अनुमति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है, जिससे फिल्म निर्माताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिल्म नीति का उद्देश्य केवल फिल्मों की शूटिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिल रही है। उत्तराखंड में वेब सीरीज, डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म और फीचर फिल्मों के निर्माण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने बताया कि परिषद द्वारा वर्ष में 2 बार (माह जुलाई एवं माह जनवरी) फिल्मों को अनुदान दिये जाने हेतु समिति की बैठक आयोजित की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 फिल्मों को अनुदान धनराशि दी गई है। माह जुलाई, 2025 की बैठक में 12 फिल्मों के प्रस्ताव का परीक्षण अनुदान दिया गया, जबकि माह जनवरी, 2026 में 13 फिल्मों को अनुदान दिया गया है। इस वर्ष रुपये 8.28 करोड़ धनराशि अनुदान के रूप में 25 फिल्मों को जारी की गई है। तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी के दिशा-निर्देश में परिषद द्वारा फिल्म निर्माता-निर्देशकों को राज्य में फिल्म शूटिंग हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा रहा है। राज्य में फिल्मों की शूटिंग होने से स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

दिव्यांगजनों के लिए 26 फरवरी को विशेष रोजगार मेला

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से देहरादून में एक विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रेंजर्स ग्राउंड, दर्शनलाल चौक के पास, 21 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक 'दिव्य कला मेला' आयोजित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, डीजीई, भारत सरकार के नेशनल करियर सर्विस सेंटर फॉर डिफरेंटली एबल्ड, देहरादून और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के एनडीएफडीसी द्वारा संयुक्त रूप से 26 फरवरी 2026 को प्रात: 9:30 बजे से एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। एनसीएससी फार डीए, देहरादून के उपनिदेशक (रोजगार) ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संयुक्त रोजगार मेले में कई नामचीन कंपनियां हिस्सा ले रही हैं, जो योग्य दिव्यांग उम्मीदवारों का मौके पर ही साक्षात्कार कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। रोजगार के अवसरों के अतिरिक्त, मेले में आने वाले सभी दिव्यांगजनों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन एवं ऋण संबंधी जानकारी, कौशल विकास और प्रशिक्षण के अवसरों की जानकारी व विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत करियर मार्गदर्शन उपलब्धता रहेगी। उपनिदेशक ने सभी इच्छुक दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे मेले में भाग लेने के लिए 26 फरवरी को प्रात: 9:30 बजे अपने सभी शैक्षिक प्रमाणपत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की फोटोकॉपी व 2 सेट में बायोडाटा अवश्य साथ लाएं। मेले में भाग लेने के लिए दिव्यांगजन अपना पंजीकरण विभाग द्वारा जारी किए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके पहले से कर सकते हैं।

उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लि.

विद्युत वितरण खण्ड, काशीपुर
ई- निविदा सूचना

विधुत वितरण खण्ड, उपाकालि, काशीपुर के अन्तर्गत अधोलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा प्रपत्र ऑन लाईन एंव ऑफ लाईन आवेदन करने एंव जमा करने की अंतिम तिथि 09.03.2026, समय 12.00 बजे तक एंव ई-निविदा के प्रथम भाग के ऑनलाईन एंव ऑफ लाईन खुलने की अंतिम तिथि 09.03.2026, समय 14.00 बजे तक है।

ई-निविदा सं0-49/EDD(K)/2025-26- विधुत वितरण उपखण्ड, काशीपुर (नगर) के अन्तर्गत आने वाले 33/11के0वी0 विधुत उपसंस्थान, 20 न0, काशीपुर के अन्तर्गत नये संयोजनों को निर्गत करने सम्बन्धी लाईन निर्माण आदि का कार्य।

ई-निविदा सं0-50/EDD(K)/2025-26- विधुत वितरण उपखण्ड, काशीपुर (ग्रामीण) के अन्तर्गत आने वाले 33/11के0वी0 विधुत उपसंस्थान, 132के0वी0 विधुत उपसंस्थान कैम्पस, काशीपुर के अन्तर्गत नये संयोजनों को निर्गत करने सम्बन्धी लाईन निर्माण आदि का कार्य।

ई-निविदा सं0-51/EDD(K)/2025-26- विधुत वितरण उपखण्ड, काशीपुर (ग्रामीण) के अन्तर्गत आने वाले 33/11के0वी0 विधुत उपसंस्थान, प्रतापपुर के अन्तर्गत नये संयोजनों को निर्गत करने सम्बन्धी लाईन निर्माण आदि का कार्य।

ई-निविदा सं0-52/EDD(K)/2025-26- विधुत वितरण खण्ड, काशीपुर के अंतर्गत आने वाले विधुत वितरण उपखण्ड, काशीपुर (ग्रामीण) में **जमा मद** में लाईन शिफ्टिंग सम्बन्धी लाईनों एंव उपसंस्थानों के निंमाण का कार्य।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें
''विद्युत बिलों 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
विद्युत समस्याओं हेतु Toll free No 1800-419-0405 पर सम्पर्क करें।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, काशीपुर

संख्या: 1120 दिनांक: 18.02.2026

तीन महीने से वेतन नहीं, पेयजल निगम कर्मचारियों ने दिया धरना

उत्तर उजाला संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड पेयजल निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शुक्रवार को पेयजल निगम की निर्माण शाखा में धरना दिया। उन्होंने विभाग को राजकीय घोषित करने, सेंटेज व्यवस्था समाप्त करने और वेतन-पेंशन का भुगतान कोषागार से करने की मांग की।

कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले तीन महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे घरेलू खर्च, ईएमआई, बच्चों की फीस और राशन जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। उत्तराखंड पेयजल निगम कर्मचारी महासंघ के मंडल सचिव कुमार गौरव ने बताया कि विभाग में लागू सेंटेज व्यवस्था के तहत परियोजना पूरी होने पर मात्र 12.5 प्रतिशत सेंटेज मिलता है, जिससे वेतन, पेंशन और अन्य भत्तों का भुगतान होता है। लेकिन अब पेयजल से जुड़ी योजनाएं अन्य एजेंसियों को सौंप दी जा रही हैं, जिससे निगम को कम काम मिल रहा है और सेंटेज राशि भी घट गई है। परिणामस्वरूप कर्मचारियों का वेतन तीन महीने से अटका हुआ है।

प्रांतीय ऑडिटर शलभ मित्तल ने कहा कि विभाग के राजकीयकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है। कई समितियां गठित हुई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में चल रहे आंदोलन के तहत 21 फरवरी से 5 मार्च तक देहरादून स्थित प्रदेश मुख्यालय पर जनपदवार प्रदर्शन किया जाएगा। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सेंटेज व्यवस्था समाप्त कर विभाग को राजकीय घोषित किया जाए। तब तक वेतन-पेंशन का भुगतान कोषागार से हो और प्रत्येक माह की पहली तारीख को सभी कर्मचारियों को वेतन-पेंशन मिले। साथ ही पेयजल योजनाएं अन्य एजेंसियों को न दी जाएं। धरना में इंजीनियर सीपी गंगवार, अरुण कुशवाहा, मौ. परवेज, शशि भूषण शाह, एकता रानी, गीता मवानी, सिद्धार्थ कुमार, शिव शर्मा, जीपी गैरोला, अनिकेत गुप्ता, प्रियव्रत गुप्ता, मनीष कश्यप, विकास सैनी, सचिन कुमार, अंबिका प्रसाद भट्ट, नीरज कपिल, वर्षा बिष्ट, सावित्री, सुप्रिया कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-अल्मोड़ा स्थित विकास भवन

पत्रांक: 1730/ग्रा.नि.वि./दो-लेखा/निविदा/ 2025-26 दिनांक 19-02-2026 Email I.D.eeresalmora@gmail.com PH. NO.05962-234109

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की और से उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रक्योरमेंट) नियमावली में इंगित प्राविधानानुसार विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से निम्न कार्यो की निविदा वेबसाईट **https//uktenders.gov.in** पर दिनांक 17-03-2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यो हेतु टैक्निकल बिड् दिनांक 17-03-2026 के 15.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड अल्मोडा स्थित विकास भवन अल्मोडा में खोली जायेगी। टैक्निकल बिड क्वालीफाई करने वाले ठेकेदारों की ही फाईनैनसियल बिड खोली जायेगी। निम्न कार्यो की निविदा दिनांक 28.02.2026 की 10:00 बजे से दिनांक 17.03.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन **Downloding** के लिए वैबसाईट पर उपलब्ध होगी। निम्न कार्यो की निविदा धनराशि की स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) बिना जी.एस.टी. के	धरोहर धनराशि (रु0 में)	निविदा शुल्क एवं जी0एस0टी0का मूल्य	कार्य पूर्ण की अवधि	निविदा का वैद्यता	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कोसी बैराज में मुख्य गेट से पार्क तक चैन लिक्ड फैन्सिंग का कार्य।	49.71	99500.00	3000+ जी0एस0टी0	12 माह	90 दिन	श्रेणी डी0 एवं उच्चतर

निविदादाता को निविदा प्रपत्रों की लागत एवं जी0एस0टी0 मूल्य का पृथक-2 ई-चालान के माध्यम से विभागीय लेखाशीर्षक 0515008000100 एवं जी0एस0टी0 (CGST+SGST) जी0एस0टी0 नम्बर 05AAAGE0824K1ZR में जमा करनी होगी। ई-चालान में सम्बन्धित कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा। निविदा के साथ संलग्न प्रारूप-2 एवं प्रारूप-3 पर स्टाम्प पेपर पर द्वितीय पक्ष अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड अल्मोड़ा लिखना अनिवार्य है।

नोट :- निविदा की अन्य शर्तों एवं कार्य से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रखण्ड कार्यालय अल्मोडा में किसी भी कार्य दिवस तथा वैबसाईट **https//uktenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-अल्मोड़ा

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं.: इज्जत/इलै./ओ.टी./01/2026 दि. 13.02.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा अनन्त्रित की जाती है:-**क्रम सं.:-01,कार्य का नाम:-**पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के पीलीभीत स्टेशन के ''संशोधित मास्टर प्लान के अनुसार नए स्टेशन भवन और प्लेटफार्म के निर्माण'' और पीलीभीत स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग से सम्बन्धित सामान्य विद्युतीकरण कार्य।, **विवरण:- अनुमानित लागत रु. में:-** 2,25,54,102.26, **धरोहर राशि रु. में:-**2,62,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:-**शून्य, **निविदा का प्रकार:-** खुली निविदा, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय:-** 09.03.2026 15.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:-** 12 माह, • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए। • निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर ऑन लाइन जारी किए गए शुद्धिपत्र की जाँच करे, यदि कोई हो। समाचार पत्र में अलग से कोई प्रकाशन जारी नही किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/
मुजाधि/विद्युत-285 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

सी आई एन: L24111UR1983PLC009097
पंजीकृत कार्यालय: ए-1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244713, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
दूरभाष: +91 5947 269000/269500; फैक्स: +91 5947 275315/269535
ई-मेल: compliance.officer@indiaglycols.com; वेबसाइट: www.indiaglycols.com

फॉर्म नंबर CAA. 2

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 (3) और कंपनी (समझौता, व्यवस्था और विलय) नियम, 2016 के नियम 6 के अनुसार

माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधी न्यायाधिकरण, इलाहाबाद पीठ, प्रयागराज के समक्ष

सीए (सीएए) क्र. 36/एएलडी/2025

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में;

और

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 और अन्य लागू प्रावधानों तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के मामले में;

और

प्रबंधन योजना (स्कीम ऑफ अरेंजमेंट) के मामले में निम्नलिखित

इण्डिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (''मौजूदा कंपनी'' या ''आवेदक कंपनी 1'') और

एननेचर बायो फार्मा लिमिटेड (''परिणामी कंपनी 1'' या ''आवेदक कंपनी 2'') और

आईजीएल स्पिरिट्स लिमिटेड (''परिणामी कंपनी 2'' या ''आवेदक कंपनी 3'')

और उनके संबंधित शेयरधारको (जिसे इसके बाद स्कीम ऑफ अरेंजमेंट के रूप में संदर्भित किया जाएगा) के बीच

इण्डिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड,)
शेयरो द्वारा सीमित एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी है,)
जो कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत)
निगमित है। इसका सीआईएन L24111UR1983PLC009097)
है और इसका पंजीकृत कार्यालय ए-१, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड,)
काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, भारत - 244713 में स्थित है।) **...कंपनी/मौजुदा कंपनी**

माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधी न्यायाधिकरण, इलाहाबाद पीठ, प्रयागराज के निर्देशों के अनुसार असुरक्षित लेनदारकों के बैठक के बारे में सूचना और विज्ञापन

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मामले में दिनांक 15 जनवरी, 2026 के आदेश, जिसे दिनांक 16 फरवरी, 2026 के आदेश (**''आदेश''**) के साथ पढा गया है, के माध्यम से, माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधी न्यायाधिकरण, इलाहाबाद पीठ, प्रयागराज (**''न्यायाधिकरण''**) ने अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्देश दिया है कि, इण्डिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (**''आईजीएल''/''कंपनी''**) के असुरक्षित लेनदारकों की एक बैठक बुलाई और आयोजित की जाए, जिसका उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 और अन्य लागू प्रावधानों (**''योजना''**) और उसके तहत बनाए गए नियमों (जिसमें किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन सहित) के तहत समय-समय पर लागू और सेबी द्वारा दिनांक 20 जून, 2023 का जारी किया गया मास्टर परिपत्र क्र. SEBIHO/CFD/POD2/P/CIR/2023/93 (**''सेबी योजना परिपत्र''**), जो समय-समय पर संशोधित किया गया है तथा सेबी द्वारा जारी कोई अन्य परिपत्र जो समय-समय पर व्यवस्था की योजना पर लागू हो, इन सभी के तहत इण्डिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड, एननेचर बायो फार्मा लिमिटेड और आईजीएल स्पिरिट्स लिमिटेड और उनके संबंधित शेयरधारकों के बीच प्रबंधन योजना (स्कीम ऑफ अरैंजमेंट) पर विचार करना और यदि उचित लगे, तो इसे संशोधनों के साथ या बिना संशोधनों के अनुमोदित करना है।

आदेशों के अनुसरण में, एतद्वारा यह सूचना दी जाती है कि, कंपनी के असुरक्षित लेनदारकों की बैठक **मंगलवार, 24 मार्च, 2026 को दोपहर 02:00 बजे (IST)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (**वीसी**) के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 (**''अधिनियम''**) के लागू प्रावधानों के साथ-साथ कंपनी (समझौते, व्यवस्था और विलय) नियम, 2016 (**''सीएए नियम''**) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (**''सेबी लिस्टिंग रेगुलेशन''**) के साथ पढा **सेबी स्कीम परिपत्र** और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से आयोजित होने वाली बैठकों के बारे में कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी प्रासंगिक परिपत्र (**''एमसीए परिपत्रो''**) और समय-समय पर संशोधित और पुनर्गठित किसी भी लागू परिपत्र के अनुपालन में आयोजित की जाएगी, ताकि सूचना में निर्धारित कार्यों को पूरा किया जा सके (जिसके लिए असुरक्षित लेनदारकों को किसी एक सामायिक स्थान पर प्रत्यक्ष रूप से स्वयं उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी)।

कंपनी ने योजना और व्याख्यात्मक विवरण के साथ इस बैठक की सूचना, कंपनी अधिनियम की धारा 230 और 232 जिसे धारा 102 और अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों के साथ पढा गया है और कंपनीज (समझौता, व्यवस्था और विलय) नियम, 2016 (**सूचना**) का नियम 6 इन सभी के तहत 20 फरवरी 2026 को उन असुरक्षित लेनदारों (असुरक्षित लेनदार) को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अलग से भेज दिया गया है, जिनके ईमेल पते शनिवार, 15 नवंबर 2025 (**भेजने की अंतिम तिथि**) तक कंपनी के पास उपलब्ध हैं। यही जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.indiaglycols.com, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (**एनएसडीएल**) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com इसपर भी देखी जा सकती है। रिमोट ई-मतदान की प्रक्रिया और तरीके के बारे में एनएसडीएल द्वारा दिए गए निर्देश, साथ ही वीसी के जरिए इस बैठक में शामिल होने के लिए लॉगिन विवरण भी सूचना के साथ भेज दिए गए हैं।

चूंकि यह बैठक वीसी के माध्यम से आयोजित की जा रही है, इसलिए असुरक्षित लेनदारकों की प्रत्यक्ष (भौतिक) उपस्थिति की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। संस्थागत या कॉर्पोरेट असुरक्षित लेनदारक रिमोट ई-मतदान के माध्यम से मतदान करने के लिए, वीसी सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग लेने और बैठक के दौरान ई-मतदान (यदि उन्होंने पहले रिमोट ई-मतदान के जरिए मत नहीं दिया है) के लिए अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को नियुक्त कर सकते हैं। ऐसे संस्थागत/कॉर्पोरेट असुरक्षित लेनदार (यानी व्यक्तियों/हिंदू अविभाजित परिवार के अलावा अन्य कोई भी) को अपने संबंधित बोर्ड या संचालक मंडल का प्रस्ताव / पावर ऑफ अटॉर्नी / अधिकार पत्र आदि की स्पष्ट स्कैन की गई कॉपी (पीडीएफ/जेपीईजी फॉर्मेट में) बैठक से कम से कम 48 घंटे पहले जांचकर्ता को ईमेल के माध्यम से agrsumit@yahoo.co.in इस पर भेजनी होगी और उसकी एक कॉपी कंपनी को compliance.officer@indiaglycols.com पर भेजनी होगी। ईमेल की विषय पंक्ति **"India Glycols Limited NCLT Convened Unsecured Creditors Meeting"** यह होनी चाहिए।

कंपनी ने रिमोट ई-मतदान के दौरान ई-मतदान और वीसी के माध्यम से बैठक में भाग लेने की सुविधा प्रदान करने के लिए एनएसडीएल को नियुक्त किया है। यदि किसी असुरक्षित लेनदार को वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल होने या रिमोट ई-मतदान और बैठक के दौरान ई-मतदान की सुविधा का इस्तेमाल करने में कोई कठिनाई होती है, तो संबंधित असुरक्षित लेनदार सुश्री पल्लवी म्हात्रे, सहायक उपाध्यक्ष, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, नमन चैंबर, प्लॉट सी-32, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र -400051 को निर्धारित ईमेल आईडी evoting@nsdl.com या टेलीफोन नंबर 022-48867000 पर संपर्क कर सकते है।

ई-मतदान के लिए महत्वपूर्ण तिथियाँ नीचे दी गई हैं:

रिमोट ई-मतदान की आरंभ तिथी	**शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 सुबह 9:00 बजे (IST)**
रिमोट ई-मतदान की अंतिम तिथी	**सोमवार, 23 मार्च, 2026 शाम 5:00 बजे (IST)**
बैठक के दौरान ई-मतदान	**मंगलवार, 24 मार्च, 2026 दोपहर 02:00 बजे (IST)** ***(बैठक में ई-मतदान और उसके बाद बैठक खत्म होने पर 15 मिनट के लिए)***
मतदान के लिए पात्रता की तिथि (''अंतिम तिथी'')	**शनिवार, 15 नवंबर, 2025**

जैसा कि ऊपर बताया गया है, रिमोट ई-मतदान और बैठक के दौरान ई-मतदान की अनुमति संबंधित मतदान अवधि के बाद नहीं दी जाएगी। असुरक्षित लेनदार अपना मत सिर्फ एक ही तरीके से डाल सकते हैं, यानी रिमोट ई-मतदान से या बैठक में ई-मतदान से। जिन असुरक्षित लेनदारकों ने रिमोट ई-मतदान द्वारा पहले ही अपना मत डाल दिया है, वे बैठक में शामिल तो हो सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा मत देने का अधिकार नहीं होगा।

असुरक्षित लेनदारकों के वोटिंग अधिकार, कट-ऑफ डेट, जो **शनिवार, 15 नवंबर 2025** को रखी गयी है, कंपनी पर बकाया रकम की वैल्यू के हिसाब से होंगे।

जो असुरक्षित लेनदारक, सूचना और व्याख्यात्मक विवरण और योजना की भौतिक प्रति अधिनियम की धारा 230 के साथ पढी गयी धारा 102 और अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों और सीएए नियमों के अंतर्गत नियम 6 के तहत कंपनी के पंजीकृत कार्यालय और/या प्रधान कार्यालय से बैठक की तारीख तक सभी कामकाज के दिन में (शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टीयों को छोड़कर) सुबह 09:30 बजे IST से शाम 06:30 बजे IST के बीच निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी सचिव को ईमेल आईडी compliance.officer@indiaglycols.com पर लिखकर भी यह प्राप्त किया जा सकता है। इस सूचना और इसके साथ जुड़े अन्य दस्तावेजों की प्रति कंपनी की वेबसाइट www.indiaglycols.com से भी देखी या डाउनलोड की जा सकती है।

जो असुरक्षित लेनदार बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं, या प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे वक्ता के रूप में अपना पंजीकरण **बुधवार, 18 मार्च, 2026 (सुबह 9:00 बजे) से शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 (शाम 5:00 बजे)** तक करा सकते हैं और इसके लिए उन्हें अपने पंजीकृत ईमेल पते से compliance.officer@indiaglycols.com पर एक अनुरोध भेजना होगा, जिसमें अपना नाम, पैन, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का उल्लेख करना होगा। जो असुरक्षित लेनदार बैठक में बोलना नहीं चाहते, लेकिन उनके कोई सवाल हैं, वे इस सूचना में बताए गए किसी भी एजेंडा आइटम पर अपने सवाल, अगर कोई हों, **बुधवार, 18 मार्च, 2026 (सुबह 9:00 बजे) से शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 (शाम 5:00 बजे)** तक अपने रजिस्टर्ड ईमेल एड्रेस से, अपना नाम, पैन और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए, कंपनी के ईमेल पता compliance.officer@indiaglycols.com पर भेज सकते हैं या कंपनी के प्रधान कार्यालय, प्लॉट नंबर 2-बी, सेक्टर-126, डिस्ट्रिक्ट गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201304, उत्तर प्रदेश पर लिखकर भेज सकते हैं या कंपनी के प्रधान कार्यालय, प्लॉट नंबर 2-बी, सेक्टर-126, डिस्ट्रिक्ट गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201304, उत्तर प्रदेश पर लिखकर भेज सकते हैं। इन सवालों का जवाब कंपनी का मैनेजमेंट सही तरीके से देगा। कंपनी और चेयरपर्सन मीटिंग में समय की उपलब्धता के आधार पर बोलने वालों की संख्या सीमित करने का अधिकार रखते हैं। माननीय न्यायाधिकरण ने बैठक के लिए **श्री एल. एन. गुप्ता, आईएएस (आर) और पूर्व सदस्य, एनसीएलटी** को चेयरपर्सन और श्री विनायक वर्मा को अल्टरनेट चेयरपर्सन और श्री. सुमित अग्रवाल, सीए (सीओपी नंबर 405377) को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया है।

यदि उपरोक्त बैठक में इस योजना को मंजूरी मिल जाती है, तो यह माननीय न्यायाधिकरण की आगामी स्वीकृति और नियामक या अन्य अधिकारियों से आवश्यक अन्य अनुमोदनों, अनुमतियों और मंजूरियों के अधीन होगी।

तदनुसार, कंपनी के असुरक्षित लेनदारों से अनुरोध है कि वे ऊपर बताए गए माध्यम, तारीख और समय के अनुसार बैठक में शामिल हों। वीसी के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले कंपनी के असुरक्षित लेनदारों की उपस्थिति को, 15 असुरक्षित लेनदारों की गणपूर्ति (कोरम) की गणना के लिए गिना जाएगा। यदि बैठक शुरू होने के समय आवश्यक कोरम मौजूद नहीं होता है, तो बैठक को 30 मिनट के लिए स्थगित कर दिया जाएगा, और उसके बाद, कंपनी के उपस्थित असुरक्षित लेनदारों को ही बैठक का कोरम मान लिया जाएगा।

बैठक के मतदान के परिणाम की घोषणा बैठक के अध्यक्ष या उनके द्वारा लिखित रूप में अधिकृत व्यक्ति द्वारा बैठक समाप्त होने के 2 (दो) कार्य दिनों के भीतर की जाएगी। जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणामों को कंपनी की वेबसाइट www.indiaglycols.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित किया जाएगा; और साथ ही इसकी सूचना बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड को भी दी जाएगी।

हस्ता/-
(एल.एन.गुप्ता)
न्यायाधिकरण द्वारा नियुक्त बैठक के अध्यक्ष

दिनांक : 20 फरवरी, 2026
स्थल : नई दिल्ली

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़

पत्रांक :1190/ल.सिं./निविदा सूचना संख्या -09 /2025-26/ दिनांक 17.02.2026

-:अल्पकालीन निविदा सूचना:-

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से नाबार्ड RIDF-XXXI मद 2025-26 के अन्तर्गत लघु सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़ में योजनाओं के सम्पादन हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.03.2026 को पूर्वान्ह: 11:30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो दिनॉक 07.03.2026 को ही अपरान्ह: 02.30 बजे खण्ड कार्यालय, पिथौरागढ में उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय नकद भुगतान में क्रेता द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र धरोहर राशि के साथ प्रस्तुत करने पर दिनांक 06.03.2026 तक खण्ड, कार्यालय पिथौरागढ़ कार्य दिवसों में (सांय 04:00 बजे तक) किया जायेगा। पंजीकृत ठेकेदार का निविदा खरीद के समय GST Registration Certificate/ No Active होना अनिवार्य होगा तथा जी.एस.टी. सम्बन्धी अदेय प्रमाण पत्र, समस्त देय विवरण एवं विवरण जमा होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र (विगत त्रैमास तक) प्रस्तुत करना होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा को निरस्त माना जायेगा। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	खण्ड	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा की वैधता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	चैकडेम निर्माण बालाजागरी	पिथौरागढ़	39250.00	1500.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
2	चैकडेम निर्माण बलधोरी	पिथौरागढ़	52100.00	1500.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
3	चैकडेम निर्माण पिपलेत गधेरा	पिथौरागढ़	40250.00	1500.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
4	सिं.यो.सुद्रणीकरण व विस्तार दिगालगांव	पिथौरागढ़	20700.00	1000.00+GST	01 माह	04 माह	E/उच्च
5	सिं.यो.सुद्रणीकरण व विस्तार कैरागधेरा	पिथौरागढ़	65300.00	2000.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
6	चैकडेम निर्माण आमगांव	पिथौरागढ़	36350.00	1500.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
7	चैकडेम निर्माण वर्षायत्	पिथौरागढ़	24750.00	1000.00+GST	01 माह	04 माह	E/उच्च
8	चैकडेम निर्माण भानाकूनी	पिथौरागढ़	35800.00	1500.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
9	चैकडेम निर्माण चानीगाड़	पिथौरागढ़	33900.00	1500.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
10	चैकडेम निर्माण गड़स्यारी	पिथौरागढ़	38350.00	1500.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
11	चैकडेम निर्माण कोल्यूड़ा	पिथौरागढ़	35550.00	1500.00+GST	02 माह	06 माह	D/उच्च
12	चैकडेम निर्माण सिंगल्टी	पिथौरागढ़	27000.00	1000.00+GST	01 माह	04 माह	E/उच्च
13	सिं.यो. सुद्रढ़ीकरण कफलेत	पिथौरागढ़	29950.00	1000.00+GST	01 माह	04 माह	E/उच्च

निविदा से सम्बन्धित शर्ते खण्ड/उपखण्ड कार्यालय में देखी जा सकतीं हैं।

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़